## पिंकसिटी

### जेसीटीएल के बेड़े में शामिल होनी थी हाईटैक बसें

# बैट्री चालित प्रदूषण मुक्त बसों के संचालन की योजना अधूरी

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। शहर में प्रदूषण मुक्त सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था की शुरुआत के जयपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लिमिटेड (जेसीटीएसएल) के प्रयास रंग नहीं ला पाए हैं।

जेसीटीएसएल ने करीब दो वर्ष पूर्व ऐसी बसों की खरीद के लिए टेंडर आमंत्रित किए थे इसके लिए बाकायदा प्रि बिड मिटिंग भी रखी गई थी और इस संबंध में जल्दी कार्यादेश जारी करने के संकेत दिए गए थे लेकिन शहर की सड़कों पर अभी तक बैटरी चालित प्रदूषण मुक्त बसें नजर नहीं आ रही हैं। प्रारंभिक तौर पर ऐसी कुल 4 बसें मंगवाई जानी थी।



### शहरी मंत्रालय विकास मंत्रालय ने की थी सिफारिश

दरअसल शहरी विकास मंत्रालय ने सभी राज्यों को निर्देशित किया है कि सार्वजनिक परिवहन के वाहनों में प्रदूषण रहित बैटरी चालित वाहनों के संचालन को बढ़ावा दिया जाए। ऐसी दो मंजिला बसों की सवारी क्षमता करीब 150 निर्धारित थी और इसके दो हिस्से आपस में जुड़े होने के साथ ही ये एक ही इंजन से चलित होनी थी। इस तरह से एक साथ लगभग दो बसों की सवारियों का परिवहन होने से ईंधन की खपत में भी कमी आने की उम्मीद की जा रही थी।

### यह है बैटरी चालित बसों की खासियत

बैटरी चलित बसों का भी प्रयोगिक तौर पर जयपुर में संचालन किया जाना था। इसकी खास विशेषता यह है कि बैटरी चार्ज करने के बाद ये बसें करीब 200 किलोमीटर तक चल सकेंगी। हालांकि ये बसें पूरी तरह से बैटरी से नहीं चलेंगी। वरन ईंधन खपत का करीब 30 फीसदी हिस्से के रूप में बैटरी को काम में लिया जाएगा। जिस समय बस डीजल से चलेगी,उस दौरान बैटरी चार्ज होती रहेगी। इस तरीके की बसों के संचालन के लिए अब जेसीटीएसएल ने प्रशिक्षित ड्राइवर रखने का भी निर्णय लिया था और इसके लिए विशेष रूट चिह्नित किए थे। इन बसों को लेकर यह भी तय हुआ था कि इनके बड़े आकार के चलते भी ऐसे रूट का चयन किया जाएगा जहां सड़कें ज्यादा चौड़ी हों। इन बसों की अनुमानित कीमत लगभग डेढ़ करोड़ रुपए है।

### पात्र परिवारों को वितरित किए लॉटरी आवंटन पत्र

जयपुर। जयपुर विकास प्राधिकरण में जेडीए के आईटी सेल के अतिरिक्त आयुक्त पुनर्वास ओपी बुनकर ने कम्प्यूटर के माध्यम से खड्डा बस्ती के पात्र परिवारों के पुनर्वास के लिए लॉटरी निकाली। इस दौरान जेडीए के जोन उपायुक्त-10 और नगर निगम के मोतीडूंगरी जोन उपायुक्त एवं खड्डा बस्ती के पात्र परिवार के सदस्य भी उपस्थित थे। जेडीए द्वारा बुधवार को नगर निगम के मोतीडूंगरी जोन उपायुक्त को आवंटन पत्र तैयार कर उपलब्ध करवा दिए गए हैं। जिनका वितरण नगर निगम द्वारा किया जा रहा है।



# स्कूल पहुंचे नौनिहाल, बाजार हुए गुलजार, कर्फ्यू में 13 घंटे की ढील

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। रामगंज में बवाल के बाद कर्फ्यू में दी गईं ढील में शांति रही इसे देखते हुए अब आज ढील का समय बढ़ा कर 13 घंटे कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह 6 बजे से शाम 7 बजे तक कर्फ्यू में राहत दी गई है।

ऐसे में स्कूल खुले और बाजार में चहल-पहल देखने को मिल रही है। इससे पूर्व मंगलवार को कर्फ्यू में दी गई छह घंटे की ढील शांतिपूर्ण रही थी। उसके बाद शाम होते ही पुलिस ने पूरे इलाके में फिर से कर्फ्यू लगा दिया। पुलिस के अनुसार हालात धीरे-धीरे सामान्य होते जा रहे हैं। ढील मिलते ही गलियों में सुबह स्कूली बच्चों से रौनक लौट आई। बाजार खुलने लगे और लोगों ने बाजार से अपनी जरूरत का सामान खरीदना शुरू कर दिया है। हालांकि इस दौरान पुलिस का भारी जाब्ता मौजूद रहा।

रामगंज में हुए उपद्रव के बाद चार थानों, रामगंज थाना, गलता गेट थाना, माणक चौक थाना और सुभाष चौक थाना में कर्फ्यू लगाया गया था। अब दी गई छूट के दौरान कमिश्नर के निर्देश के बाद असामाजिक तत्वों पर खास नजर रखी जा रही है। हालांकि इन चारों की थाना क्षेत्रों में इंटरनेट फिलहाल सेवाएं बंद हैं। इससे पूर्व इंटरनेट 14 थानों में मंगलवार रात 12 बजे तक के लिए बंद था। अब 10 थाना क्षेत्रों में इंटरनेट सुविधा शुरू कर दी गई है।



### पानी में अठखेली

शहर में विदा होते मानसून की बारिश से जगह-जगह पानी भर गया। चांदनी चौक में जमा हुए बारिश के पानी में अठखेलियां करता कपोतों का झुंड। - फोटो महानगर

# प्रदेश भाजपा की चिंतन बैठक में होगी अजमेर उपचुनाव पर चर्चा

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। राजनीतिक मुद्दों को लेकर प्रदेश भाजपा की ओर से एक दिवसीय चिंतन बैठक गुरुवार को एक निजी होटल में होगी। इस अवसर पर मौजूदा ज्वलंत मुद्दों एवं विषयों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में अजमेर लोकसभा और मांडलगढ़ विधानसभा के उपचुनाव पर खास तौर पर विचार-विमर्श किया जाएगा। इसके अलावा बैठक में किसान आंदोलन, जीएसटी के बाद व्यापारी वर्ग पर इसके प्रभाव, कांग्रेस के साझा विरासत कार्यक्रम और स्थानीय मुद्दों पर भी विचार होगा। बैठक में मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी, प्रदेश प्रभारी अविनाश राय खन्ना, सहप्रभारी गोपाल शेट्टी, राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री वी सतीश, संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर सहित कई सांसद एवं मंत्री शामिल होंगे।

### सांसद, केंद्रीय मंत्री एवं संगठन पदाधिकारी होंगे शामिल

### नियम नहीं होने का हवाला देकर पल्ला झाड़ रहा डिस्कॉम

# नहीं मिल रहा वोल्टेज से उपकरण फुंकने पर मुआवजा

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। राजधानी में बिजली कंपनियों की लापरवाही आम लोगों को भुगतनी पड़ रही है। आए दिन हाई वोल्टेज से घरों में उपकरण फुंकने के बढ़ते मामलों के बावजूद उपभोक्ताओं को महज इस वजह से उन्हें मुआवजा देने से इनकार किया जा रहा है कि इस संबंध में कोई नियम ही नहीं हैं। दरअसल राजधानी के विभिन्न हिस्सों में आए दिन घरों में हाई वोल्टेज आने की घटनाएं होती रहती हैं, जिससे घरों में लाखों रुपए के बिजली के उपकरण फुंक जाते हैं। बिजली कंपनियों की लापरवाही से होने वाली ऐसी घटनाओं की मार भी जनता को ही भुगतनी पड़ती है क्योंकि इन हादसों के लिए उपभोक्ता को एक पैसे का भी मुआवजा नहीं दिया जाता है। मुआवजा नहीं देने का सीधा सा बहाना बिजली कंपनियों के पास है कि इसका कोई प्रावधान ही नहीं है। पिछले दो सालों में बापूनगर, मुरलीपुरा, सांगानेर, प्रतापनगर जैसे इलाकों में हाई वोल्टेज से लाखों रुपए के नुकसान की कई घटनाएं हो चुकी हैं लेकिन अधिकांश घटनाओं में उपभोक्ता को मुआवजा नहीं दिया गया बल्कि उपभोक्ताओं के दावों को ही खारिज कर दिया गया।

### अधिकांश घटनाओं में उपभोक्ता को मुआवजा नहीं दिया गया बल्कि उपभोक्ताओं के दावों को ही खारिज कर दिया गया।



यही कारण है कि अब उपभोक्ताओं ने मुआवजे के लिए कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाना शुरू कर दिया है। ऐसे मामलों के लगातार बढ़ने के कारण जिम्मेदार महकमे की ओर से कई मर्तबा दिशा-निर्देश भी जारी किए गए लेकिन इन निर्देशों के बावजूद भी हाई वोल्टेज से होने वाले हादसों में मुआवजा देने की कोई समयावधि ही तय नहीं की गई है। मुआवजा देने के लिए समयावधि तय करने पर में ढिलाई के चलते इसका खामियाजा उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है। अहम बात यह है कि बिजली कंपनियां ऐसे हादसों में ही की ही नहीं बल्कि मीटर तेज चलने जैसी सामान्य शिकायतों के निस्तारण में भी जिम्मेदार रुचि नहीं दिखा रहे हैं।


### जयपुर में अवैध बसों के खिलाफ चलेगा सख्त अभियान

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। परिवहन एवं सानिवि मंत्री यूनुस खान ने जयपुर की यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए अवैध बसों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। बुधवार को

#### 100 से अधिक बसें सीज

परिवहन भवन सभागार मे हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि दिन ब दिन बढ़ती भीड़-भाड़ के बीच जयपुर शहर में भी परिवहन व्यवस्था में सुधार करने के लिए अवैध रूप से चलने वाली बसों पर अंकुश लगाया जाना जरूरी हो गया है। इसे लेकर रोडवेज की विभिन्न कर्मचारी यूनियनें भी लगातार मांग करती रही हैं। और जनसुविधा को देखते हुए भी यह आवश्यक हो गया है।



# महिला कल्याण की योजनाओं का मंडल स्तर पर करें प्रचार-प्रसार

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। प्रदेश भाजपा कार्यालय के सभागार में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ प्रकल्प की मासिक बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने कहा कि केंद्र सरकार व राज्य सरकार की बेटियों व महिलाओं के कल्याण की फ्लेगशिप योजनाओं का मंडल स्तर पर प्रचार-प्रसार करें।

उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन की मंडल स्तर पर टीम बनाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाएं। प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मोत्सव पर मिठाई वितरित करें एवं 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' के लोगो वाहनों, प्रतिष्ठानों, घरों व सार्वजनिक स्थानों पर लगाएं जिससे बेटी समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा बन सके।

इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्ष डॉ. मीना आसोपा ने नवरात्र पर कच्ची बस्तियों में जाकर कन्या पूजन के निर्देश दिए। बैठक में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के प्रदेश सह-संयोजक आशीष गुप्ता, सोनिया रामचंदानी, जयपुर संभाग प्रभारी शील धाभाई, भरतपुर संभाग प्रभारी जितेन्द्र शर्मा, बीकानेर से राजकुमार पारीक उपस्थित रहे।